Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)--चन्दौली।

पत्रांक 4344 / Paper Cutting / 162 दिनांक 25/06/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विशयः–** **दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "जल जीवन मिशन योजना अधूरीः चन्दौली के रोहाखी गांव में दो साल से शोपीस बनी पानी की टंकी" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "दैनिक भास्कर" में दिनांक– 25.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन योजना अधूरीः चन्दौली के रोहाखी गांव में दो साल से शोपीस बनी पानी की टंकी" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

## समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं दिनांक– 25.06. 2026 | जल जीवन मिशन योजना अधूरीः चन्दौली के रोहाखी गांव में दो साल से शोपीस बनी पानी की टंकी | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड शाहबगंज में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेंज इं0 लि0 द्वारा रोहाखी पेयजल योजना (सम्मिलित राजस्व ग्राम रोहाखी) के प्रस्तावित कार्यो 01 नग ट्यूबवेल का कार्य, 01 नग शिरोपरि जलाशय (125के0एल0 / 12मी0) का कार्य 80 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 5300 मी0 के सापेक्ष 4200 मी0, गृह जल संयोजन 266 नग के सापेक्ष 178 नग का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजना से सम्बन्धित अवशेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है। | – |


(हस्ताक्षर)

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन योजना अधूरी: चंदौली के रोहाखी गांव में दो साल से शोपीस बनी पानी की टंकी

अरविंद कुमार केशरी | शहाबगंज (चंदौली), चंदौली   1 दिन पहले



Defend Against Threats
Optimise business operations and set up robust safeguards.



चंदौली के शहाबगंज ब्लॉक स्थित रोहाखी गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना अपने उद्देश्य को पूरा करने में विफल रही है। लाखों रुपए की लागत से निर्मित पानी की टंकी पिछले दो साल से केवल एक शोपीस बनकर रह गई है, क्योंकि ग्रामीणों को अभी तक नल का कनेक्शन नहीं मिल पाया है।इस कारण गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। खासकर गर्मियों के दिनों में जब भूजल स्तर नीचे चला जाता है, तब महिलाओं और बच्चों को दूरदराज के इलाकों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी के निर्माण को एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद घर-घर कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। मुन्ना, तेज बाली, सुभाष कुमार, अमरेंद्र और चंदन कुमार जैसे ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।ग्रामीणों ने यह भी कहा कि योजनाओं के नाम पर सरकारी धन खर्च हो चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि टंकी से एक बूंद पानी भी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कनेक्शन नहीं दिए गए तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।इस संबंध में कार्यकारी संस्था के एमडी डी.सी. चक्रवर्ती ने बताया कि भुगतान के अभाव में काम रुका हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भुगतान मिलते ही कनेक्शन देने का कार्य तुरंत आरंभ कर दिया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner